ANIL KUMAR DAILA
(General Secretary)

Mob – 9413203672,9079614502
E-Mail: anildaila111@gmail.com
Web : www.kvpss.org

KENDRIYA VIDYALAYA PRAGATISHEEL SHIKSHAK SANGH

Add. (House no. 73/77, Paramhansh Marg, Mansarovar, Jaipur)
(Recognised by KVS under Ministry of Education, Govt. of India)

F. No. KVPSS(HQ)/CBSE/2023-24/05 Date: 19.04.2023

सेवा में, **Email**
अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
प्रीत विहार, नई दिल्ली

विषय- सीबीएसई उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन टर्म-2 (सत्र 2021-2022) का भुगतान जारी करने और कार्मिकों की अवकाश सम्बन्धी समस्या के निराकरण के सम्बन्ध में |

महोदय/महोदया,
उपर्युक्त विषयान्तर्गत मैं आपके समक्ष निम्नलिखित तथ्य संज्ञान में लाना चाहता हूँ-

1.सीबीएसई टर्म 2 सत्र 2021- 22 के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के पारिश्रमिक का भुगतान अभी तक परीक्षकों को नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई के आदेशानुसार परीक्षकों ने ग्रीष्मावकाश में भी घर न जाकर स्टेशन पर रूककर उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन जाँच कार्य को समय पर निष्पादित किया है | गत सत्र के ग्रीष्मावकाश से इस सत्र का ग्रीष्मावकाश ही आने वाला है लेकिन उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के पारिश्रमिक का भुगतान अभी तक परीक्षकों को नहीं हुआ है।

2. सीबीएसई के द्वारा TA/DA बिलों का भुगतान छठे वेतन आयोग के अनुसार किया जा रहा है जबकि सातवां वेतन आयोग लागू हो चुका है। इस सम्बन्ध में विनम्र अनुरोध है कि सातवें वेतन आयोग के अनुसार ही TA/DA बिलों का भुगतान किया जावें ताकि सम्बन्धित कार्मिकों को वित्तीय नुकसान न हो |

3. सीबीएसई स्पॉट इवैल्यूएशन 2022-23 के दौरान जो अवकाश रहें उनमें भी मूल्यांकन कार्य जारी रहा जिसके एवज में कार्मिकों को प्रतिपूरक अवकाश (सीसीएल) नहीं दिया जा रहा है | उल्लेखनीय है कि उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के अंतर्गत परीक्षक की करीबन 3-4 छुट्टियाँ मूल्यांकन कार्य में ही समाप्त हो जाती है | इस सम्बन्ध में कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई को स्पॉट इवैल्यूएशन 2023 के अंतर्गत कार्मिकों के अवकाश के दिन किये गए कार्यदिवसों की एवज में कार्मिकों को प्रतिपूरक अवकाश (सीसीएल) प्रदान करने का परिपत्र जारी कर कार्मिकों को शीघ्र राहत प्रदान करने की कृपा करें |

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उपर्युक्त तथ्यों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करें तथा सीबीएसई उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन टर्म-2 (सत्र 2021-2022) का भुगतान शीघ्र जारी करने और कार्मिकों की अवकाश सम्बन्धी समस्या का निराकरण कर अनुगृहीत करें।

धन्यवाद |

भवदीय

19/04/2023

अनिल कुमार डैला
राष्ट्रीय महासचिव
केन्द्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ